लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3559

8 अगस्त, 2016 को उत्तर के लिए

एमओआईएल की चल रही परियोजनाएं

3559. श्री विद्युत वरण महतो:
कुँवर हरिवंश सिंह:
श्री सुधीर गुप्ता:
डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़:
श्री एस आर विजय कुमार:
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री टी राधाकृष्णन:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) की कतिपय चल रही परियोजनाएं निर्धारित लक्ष्य से पीछे चल रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार ने हाल ही में एमओआईएल को अपनी चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से शीघ्रतापूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने एमओआईएल को विशेषकर वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं के कौशल प्रशिक्षण हेतु अवसर तलाशने के लिए भी कहा है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर एमओआईएल की क्या प्रतिक्रिया है; और
(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए/किए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख) निर्माणाधीन परियोजनाएं कार्यक्रमानुसार चल रही हैं। सरकार मॉयल समेत सभी सीपीएसई को अपनी-अपनी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए उनकी निगरानी करने की आवधिक सलाह प्रदान करती है1
(ग) से (ड़) सरकार स्थानीय युवाओं और जन साधारण के लाभार्थ कौशल विकास/ प्रशिक्षण पर अपनी स्कीमो/ क्रार्यक्रमों के बारे में मॉयल समेत सभी सीपीएसई को समय-समय पर विभिन्न् दिशानिर्देश जारी करती है। मॉयल की कई खाने जनजाति बाहुल्य क्षेत्रो में स्थित है और वह कम्पनी अधिनियम, 2013 में नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रावधानों, सरकारी दिशानिर्देशों और अपनी स्वयं की नीतियों को ध्यान में रखते हुये अपनी खानों के समीपवर्ती क्षेत्रो में स्थानीय युवाओ को अपने प्रशिक्षण केन्द्रो के जरिये कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है।

***